प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.05.2025 समय : 09:30 ए.एम.

- भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच आज बातचीत–दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम को लेकर चर्चा होगी।
- जोधपुर–दिल्ली के बीच पहली बार वंदे भारत सेमी हाई स्पीड स्पेशल ट्रेन का ट्रायल रन आज।
- बुद्ध पूर्णिमा आज–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोगों से महात्मा बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।
- प्रदेश में कल भी विभिन्न स्थानों पर बारिश हुई–नागौर और हनुमानगढ़ में ओले गिरे।

000

भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच आज दोपहर 12 बजे बातचीत होगी, ताकि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम को लंबे समय तक बनाए रखने के तौर–तरीकों पर चर्चा की जा सके। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में लेफ्टिनेंट जनरल ने इस बारे में जानकारी दी।

000

इससे पहले, कल सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हुए हमले में सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। इनमें यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे आतंकियों के नाम शामिल हैं, जो कंधार विमान अपहरण और पुलवामा विस्फोट में शामिल थे। डीजीएमओ ने कहा कि संघर्ष विराम का उल्लंघन होने पर कमांडरों को जवाबी कार्रवाई करने को कहा गया है।

000

इस बीच, भारतीय सेना ने कहा है कि जम्मू–कश्मीर और अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे अन्य इलाकों में कल रात काफी हद तक शांति रही। सेना ने कहा कि किसी भी तरह की घटना की सूचना नहीं मिली है, जो हाल के दिनों में पहली शांत रात है।

000

भारत–पाक तनाव से उपजे हालात अब सामान्य होते जा रहे हैं। हालांकि बाड़मेर और जैसलमेर में कल रात आठ बजे से आज सुबह छह बजे तक ब्लैक आउट रखा गया। इस दौरान घरों और प्रतिष्ठानों की लाइट्स को बंद रखीं गई। वहीं जोधपुर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने आज सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। वहीं हनुमानगढ़ में जिला प्रशासन ने हालातों की समीक्षा करते हुए ब्लैक आउट के आदेश वापस ले लिये हैं। हालांकि जिला कलेक्टर कानाराम ने आमजन से स्वैच्छिक ब्लैक आउट जारी रखने की अपील की थी।

000

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इस संबंध में श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्धविराम को लेकर संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहराया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इस संबंध में प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है।

000

रेलवे आज से जोधपुर–दिल्ली स्टेशनों के बीच पहली बार वंदे भारत सेमी हाई स्पीड स्पेशल ट्रेन चलाएगा। ये ट्रेन जोधपुर से दिल्ली का सफर 9 घंटे 5 मिनट में पूरा करेगी। जोधपुर से जयपुर होकर दिल्ली के लिए वंदे भारत ट्रेन चलाने की संभावनाओं के बीच इसको ट्रायल रन के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि मंडोर सुपरफास्ट जोधपुर से दिल्ली के रास्ते 14 स्टेशनों पर रुकती है, जबकि वंदे भारत का 7 स्टेशनों पर ही ठहराव होगा। इस ट्रेन में जनरल टिकट और बिना रिजर्वेशन वाले यात्री सफर नहीं कर सकेंगे।

000

आज बुद्ध पूर्णिमा है। गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण आज ही के दिन हुआ था। उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे निर्वाण की प्राप्ति हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुद्धपूर्णिमा पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान बुद्ध करुणा के अवतार थे और अहिंसा, प्रेम और दयालुता का उनका संदेश मानव जाति के कल्याण का मूल आधार है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश चुनौतीपूर्ण समय में ध्रुवतारे की तरह हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का मध्य मार्ग का संदेश आज की दुनिया में व्यक्ति और मानवता दोनों के लिए पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुद्ध पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को शुभकामानएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने महात्मा बुद्ध द्वारा प्रतिपादित करुणा, सत्य, अहिंसा और शांति के आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही।

000

जोधपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए जोधपुर के इतिहास को शौर्य और वीरता की अमर गाथाओं तथा गौरवशाली परंपराओं वाला बताया है। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि मौजूदा भारत–पाक तनाव के चलते मुख्य कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

000

सवाईमाधोपुर के रणथंभौर टाइगर रिजर्व के जोन नंबर तीन में कल एक बाघ ने रेंजर देवेंद्र चौधरी पर हमला कर दिया। इस हमले में उनकी मौत हो गई। ट्रैकिंग के दौरान अचानक बाघ ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमारे संवाददाता ने बताया कि जोगी महल वन क्षेत्र में हुए इस हादसे के बाद वन विभाग ने एक बार फिर रणथंभौर दुर्ग जाने वाले मार्ग पर आवागमन बंद करने के आदेश जारी किए हैं।

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कल भी बारिश का दौर चला। भीलवाड़ा, कोटा, चित्तौड़गढ़, डबोक, श्रीगंगानगर, संगरिया, माउंट आबू और प्रतापगढ़ सहित कुछ अन्य शहरों में बरसात के समाचार हैं। वहीं नागौर और हनुमानगढ़ में ओले गिरे। बाड़मेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां दिन में तेज गर्मी के बाद शाम को आंधी चली और हल्की बारिश हुई।

.............